# बैतूल जिले के मुलताई,प्रभात पट्टन को पांढुरना में जोड़ने तथा नादनवाड़ी को पूर्ण तहसील का दें शासन दर्जा

- प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की महत्वपूर्ण बैठक
- जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों ने दिए सुझाव



**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,26 जून.जिले में प्रशासनिक इकाइयों के गठन एवं युक्तियुकरण को लेकर आयोग द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ ही जागरूक नागरिकों के सुझाव मांगे गए थे,इसी बात को लेकर शुक्रवार को नपा कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में नपा अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए.**

जिसे एसडीएम द्वारा ध्यान पूर्वक सुनते हुए इसे मूर्त रूप देंने आयोग के पास पहुंचाने की बात कहीं।

**बैठक में यह रहें उपस्थित**

पांढुरना जिला अस्तित्व में आने को लगभग तीन वर्ष का कार्यकाल होने को है ऐसे में अब इस जिले में प्रशासनिक इकाईयों के गठन एवं युक्तियुकरण को लेकर आयोग द्वारा जिले के विभाग प्रमुख अधिकारी,जनप्रतिनिधियों के साथ ही जागरूक नागरिकों के सुझाव मांगे इसी उद्देश्य से शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अलका एक्का की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कि गयी थी,जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े,उपाध्यक्ष ताहिर अहमद पटेल,सभापति उमेश उरकुडे,महेंद्र घोड़े,पार्षद लोचन खवसे, श्रीमती प्रीति महेश गिरारे, श्रीमती सुनिता यादवराव डोबले,प्रदिप कामदार ,यादव राव डोबले, रामरती इवनाती ,अशोक कोल्हे, मनोनित पार्षद सतीश बांबल, प्रशांत दाढ़े ,जनपद पंचायत अध्यक्षा श्रीमती लताबाई तुमडाम,हेमंत कस्तुरे, तानाबाजी बारंगे,मीसाबंदी श्री ठाकुर, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे,जिन्होंने अपने-अपने सुझाव दिए।

### तिगांव,बड़चिचोली,सिवनी ग्राम पंचायत का नगर परिषद बनाएं

जिसमें सभी ने एक राय से पांढुरना नगर जिला मुख्यालय क्षेत्र के सबसे बड़े ग्राम जिसमें प्रमुख रूप सिवनी,तिगांव एवं बड़चिचोली को नगर परिषद बनाने,सीमा क्षेत्र से लगे बैतूल जिले के मुलताई,प्रभात पट्टन तहसील को पांढुरना जिले में शामिल करने, पांढुरना की नांदनवाडी उपतहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देंने,पांढुरना को जबलपुर संभाग के स्थान पर नर्मदापुरम संभाग में जोडने़ जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए ।

### जिलेवासियों के सुझाव भेज जाएंगे आयोग को

जिन्हें एसडीएम श्रीमती अलका एक्का द्वारा नोट करते हुए जिलेवासियों की भावनाओं से प्रशासनीक ईकाई पुनर्गठन आयोग को अवगत कराने की बात कहीं,हांला कि इतने महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ ही बहुत ही कम संख्या में जागरूक नागरिकों की कम उपस्थित चर्चा का विषय बनी रहीं ।

# धुमधाम से मनाया मोहर्रम पर्व

## हिंदू-मुस्लिम एकता की दिखाई दी मिसाल



**नव भारत न्यूज**
**बड चिचोली,26जून.** ग्राम में परम्परानुसार उस साल भी मोहर्रम पर्व बड़े शानो शौकत के साथ मनाया गया, मोहर्रम माह की 10 वी सारीख यमो आसुरा ठंडे दिवस के रूप में मनाई गयी इस अवसर पर सुन्नी जामा मस्जिद के इमाम हाफीज कैसर रजा ने इमाम हसन-हुशेन की शहाद सहीदाने कर्बला का जिक्र पर तकरिर पेश की गयी, तकरिर सुनकर नमाजियो के रोंगटे खड़े हो गये. हर एक नमाजियो के आँखों से आसू छलके पुरा माहौल गमागिन हो गया।

शाम 6 बजे ताजिये बाजार चौक मे एकत्रित हुए, भक्तगणो ने बाजार चौक पंहुचकर ताजियो की जियारत की गई, रात 9 बजे परम्परा नुसार काटोल रोड से सवारियो का जुलूस निकला जो बाजार चौक पंहुचने के बाद ग्राम भ्रमण पर निकला आगे-आगे सवारी जुलूस चल रहा, ओर पिछे पिछे ताजियो जुलूस निकला, जिसमें सहीदाने कर्बला हसन हुशेन या हुशेन जैसे गगन ?भेदी नारों से आकाश गुंज उत्स, ग्राम के मुख्य मार्गो से होते इये. फरीद ? वाटीका कर्बला गाह पंहुचा, जहा पर ताजिये- एवं सवारियो का विसर्जन हुआ, जिसके बाद बजार चौक में खिचडा एवं शरबत का वितरण किया गया, इस कार्यक्रम में हिन्दू-मुस्लिम भाइयों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर मोहर्रम पर्व को उत्साह आनंद के साथ मनाया गया जो ग्राम की सर्वधर्मसमभाव कौमी एकता भाईचारा का प्रतिक है।

# लापता वृद्ध को हर्षद केवटे ने उनके परिजनों से मिलाया



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,26 जून.महाराष्ट्र के पुणे में रहने वाली अपनी लडकी के घर से वापस अपने घर नरखेड आने के लिए निकले 85 वर्षीय वृध्द घर नहीं पहुंचकर दो दिनों से पांढुरना नगर की गल्लियों में यहां-वहां भटकते रहें.**

शुक्रवार दोपहर को जब यह नगर के राजीव गांधी मार्केट में पहुंचे तो इनकी स्थिति देख नगर के प्रसिध्द समाज सेवी हर्षद कुमार केवटे ने सबसे पहले इन्हें अपनी दुकान में बैठाकर चाय,नाश्ता करते हुए इनसे पुछताछ की तो यह अपने बारे में कोई भी बात बता नहीं पा रहें थे,जिसे देख श्री केवटे द्वारा अपनी सूझबुझ से इस वृध्द के पास मिले तस्तावेज से तो यह पता चल गया है कि यह पडोसी राज्य महाराष्ट के नरखेड में रहने वाले है,इसके बाद इन्होंने लगभग तीन घंटे तक नरखेड में रहने वाले अपने रिश्तेदारों,जान पहचान वालों से इस वृध्द की फोटो शेयर कर इसके संदर्भ में जानकारी जुटाने का प्रयास किया इस दौरान इन्होंने इसकी सूचना पांढुरना पुलिस अधिकारियों को भी दी हर्षद केवटे के लगभग तीन घंटे के अथक प्रयासों के बाद अंत: इस वृद्ध का नाम तुलसीराम मटके महाराष्ट्र के नरखेड तहसील के ग्राम मालापुर निवासी होना पता चलने के बाद इन्होंने इनके परिजनों को फोन कर पांढुरना बताते हुए उनके परिजनों को सौंप दिया, इनके परिजनों ने हर्षद केवटे का आभार माना,वहीं नगर वासियों द्वारा हर्षद केवटे के इस कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की जा रहीं है।

### घातक शस्त्र के साथ 2 अरेस्ट

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** शहर में 2 थाना क्षेत्रों में अलग-अलग कार्रवाइयों में पुलिस ने 2 अपराधियों को घातक शस्त्र के साथ अरेस्ट किया. दोनों के पास से 2 धारदार चाकू जब्त किये गये. जानकारी के अनुसार, नंदनवन थाना क्षेत्र में शाम करीब 6.10 बजे पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने सूचना के आधार पर केडीके टी प्वाइंट के पास चाकू लेकर धमाचौकड़ी मचा रहे हसनबाग निवासी साहिल अली मुश्ताक (19) को हिरासत में लिया. उसके पास से चाकू जब्त किया गया. इसी प्रकार, अजनी थाना क्षेत्र में रात करीब 8.35 बजे पुलिस ने आरपीएफ कैंटीन, अविनाश ग्राउंड के पास संदिग्ध रूप से नजर आये मनीषनगर निवासी अंकुश शामकुंवर डहाट (36) को हिरासत में लेकर तलाशी में उसके पास चाकू मिला. वह किसी वारदात की तैयारी में था.

# मिडास एडु सिटी के साथ मिडास कॉन्सेप्ट स्कूल का भव्य उद्घाटन

## सौंसर में खुले नए आधुनिक परिसर में कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों को मिलेगा इनोवेटिव एजुकेशन



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 26 जून.सौंसर की शिक्षा जगत में मिडास एडु सिटी एक और नई क्रांति लेकर आया है। 23 जून को मिडास एडु सिटी के साथ मिडास कॉन्सेप्ट स्कूल के नए एवं अत्याधुनिक परिसर का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ।**

यह केवल एक स्कूल नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों, कौशलों और भविष्य को नई दिशा देने वाला एक अभिनव शिक्षण केंद्र है।

### बारिश के बीच ऐतिहासिक उद्घाटन, एयर शो रहा आकर्षण

इस भव्य उद्घाटन समारोह में हजारों छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक और गणमान्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत एयर शो से हुई, उसी दौरान बारिश भी शुरू हो गई। लेकिन बच्चों और अभिभावकों ने बारिश का आनंद लेते हुए समारोह को अनोखा बना दिया।

### कताबों से आगे की शिक्षा पर फोकस

मिडास कॉन्सेप्ट स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं के बच्चों को केवल किताबी शिक्षा तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें अपनी रुचि, प्रतिभा और कौशल को पहचानने एवं विकसित करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे स्वयं अपने भविष्य का निर्माण कर सकें।

### स्कूल की मुख्य विशेषताएं

AI Robotics Lab भविष्य की तकनीकों से छात्रों का परिचय - आधुनिक एवं प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण Open Air Theatre बच्चे अपने विचार, प्रतिभा और नवाचार को खुलकर प्रस्तुत कर सकेंगे Personality Development एवं Skill-Based Learning स्टेज फियर दूर कर आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर नेतृत्व, रचनात्मकता और नवाचार पर विशेष ध्यान मिडास एडु सिटी एक ऐसा विद्यालय है जहाँ प्रत्येक बच्चे को Explore, Express और Excel करने का अवसर मिलेगा। यहाँ शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन निर्माण का माध्यम बनेगी।

# आरपीएफ में चयनित रूपेश चौरे का किया सम्मान

**सफलता पर परिजनों व ग्रामीणों ने जताई खुशी, युवाओं के लिए बने प्रेरणास्त्रोत**



**नवभारत न्यूज़**
**पिपलानारायणवार 26 जून. ग्राम रिधोरा निवासी लीलाधर चौरे एवं श्रीमती रंजना चौरे के सुपुत्र रूपेश चौरे का Railway Protection Force (RPF)में चयन होने पर उनके निवास स्थान पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं युवाओं ने उन्हें पुष्पमाला एवं शॉल भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधान अध्यापक आचार्य प्रेमराज लांडे ने कहा कि रूपेश चौरे की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत रिधोरा के उपसरपंच अमोल रंगारे ने बताया कि रूपेश ने अपनी इस सफलता से गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस से पढ़ाई की है और कठिन मेहनत और परिश्रम से यह सफलता प्राप्त की है।कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितजनों द्वारा रूपेश चौरे को शुभकामनाएं देते हुए किया गया। उपस्थित लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन कर क्षेत्र का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगे। अवसर पर ग्राम पंचायत रिधोरा उपसरपंच अमोल रंगारे, रितेश लांडे, शुभम सहारे, भूषण लांडे, अंकित भक्ते तथा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### फ्लैट बिक्री के नाम पर 51 लाख की ठगी

**नागपुर,** नगर प्रतिनिधि. इमामवाडा थानाक्षेत्र में बैंक लोन में फंसे फ्लैट को बेचने के नाम पर 51 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया. आरोपियों में देवांजलि अपार्टमेंट, रेशमबाग निवासी नितिन सुधाकर ठमके (48) और विद्या नितिन ठमके (45) बताये गये हैं. जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता बैंक कालोनी निवासी खेमचंद रोचीदास बालवानी (57) वर्ष 2019 में इमामवाडा थानाक्षेत्र के टाटा कैपिटल्स निवासी अपने एक मित्र के यहां गये थे. यहां नोटिस बोर्ड पर उन्हें बैंक लोन पेंडिंग वाली लिस्ट में फ्लैट नंबर 1201 का भी उल्लेख मिला.

# अवैध शराब के अड्डों पर आबकारी की दबिश

**500 किलो महुआ लाहन किया नष्ट**



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,26 जून. जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में तथा सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में पांढुरना जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से आबकारी वृत्त पांढुरना के ग्राम घोघरी एवं चिरकुटाघोंदी में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई।** कार्रवाई के दौरान नालों एवं जंगल में झाड़ियों के पास अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब बनाने के लिए पन्नियों एवं ड्रमों में एकत्रित लगभग 500 किलो महुआ लाहन का सैंपल लिया गया तथा शेष महुआ लाहन निर्मूल्य होने के कारण विधिवत नष्ट किया गया।

उक्त कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 02 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई के दौरान वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल एवं आरक्षक श्रद्धा राहंगडाले उपस्थित रहे।

# संर्प दंश से घायल युवक

**नवभारत न्यूज**
पांढुरना,26 जून.बारिश शुरू होते ही सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने लगी है बीते शाम फेरी लगाकर चादर बेचने वाले उत्तर प्रदेश के एक युवक को जहरीले सर्प द्वारा दंश करने पर इसके सहपाठी साथियों ने इसे नगर के शासकीय चिकित्सालय में भर्ती किया,जहां इसका उपचार किया जा रहा है।नगर के शासकीय चिकित्सालय से मिली जानकारी अनुसार उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का निवासी दानिश शाहिद 30 अपने सहपाठी साथियों के साथ शहर-शहर घूम कर चादर बेचने का काम करता है,बीते शाम जब यह पांढुरना नगर में चादर बेचकर जब अपने रूम में पहुंचा इसी दौरान इसे एक जहरीला सर्प द्वारा पाव पर दंश कर दिया,यह बाद दानिश ने अपने सहपाठी साथियों को बताई जिसके बाद इसे तुंरत ही नगर के शासकीय चिकित्सालय में भर्ती किया जहां इसका उपचार किया जा रहा है,अभी इसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रहीं है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक माणिकराव जुनघरे पुरस्कृत




**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 25 जून. जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा सौसर के उत्कृष्ट अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक माणिकराव जुनघरे को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।**

श्री जुनघरे द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के आर्थिक कल्याण हेतु टंट्या मामा, बिरसा मुंडा, डॉ. अंबेडकर एवं संत रविदास योजना के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदान करने में उल्लेखनीय सहयोग दिया गया।इसी कार्य के लिए अनुसूचित जनजाति छात्रावास सौसर के अधीक्षक महेंद्र सोमकुवर को भी पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में जिला संयोजक उमेश सातनकर एवं आदिवासी वित्त विकास निगम से महेंद्र तुरकर उपस्थित रहे।

# सांसद कल गायत्री चेतना केंद्र मोहननगर में करेंगे सांसद नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ

**नव भारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा.** संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू का सांसद नि:शुल्क कोचिंग के माध्यम से यह उद्देश्य है कि जिले के आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु बेहतर शैक्षणिक वातावरण, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराया जाए। इसी उद्देश्य को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर गायत्री चेतना केंद्र मोहननगर में 28 जून से सांसद नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया जा रहा है। 28 जून को सांसद नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिले के युवाओं को इस वर्ष भी प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण एवं नि:शुल्क तैयारी कराने के उद्देश्य से सांसद बंटी विवेक साहू की पहल एवं मार्गदर्शन में सांसद नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा 28 जून से किया जा रहा है।ी इस नि:शुल्क कोचिंग के लिए सांसद कार्यालय में नि:शुल्क पंजीयन जारी है, यहा पर उपलब्ध क्यूआर कोड का उपयोग करते हुए भी सांसद नि:शुल्क कोचिंग के लिए पंजीयन किया जा सकता है।

भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला सयोजक एवं सांसद नि:शुल्क कोचिंग के मार्गदर्शक व संचालक संतोष साहू ने बताया कि सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर विगत वर्ष भी जिले के 1,100 युवाओं को अटल आरक्षक कोचिंग के माध्यम से नि:शुल्क कोचिंग प्रदान की गई थी, जिसमें कई युवाओं को चयन विभिन्न विभागों में हुआ था।

**गायत्री चेतना केंद्र में लगेगी सांसद नि:शुल्क कोचिंग**

भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला सयोजक एवं सांसद नि:शुल्क कोचिंग के मार्गदर्शक व संचालक संतोष साहू ने बताया कि कोचिंग का संचालन मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के पीछे मोहननगर में स्थित गायत्री चेतना केंद्र छिंदवाड़ा में किया जाएगा। सांसद नि:शुल्क कोचिंग की कक्षाओं का समय प्रतिदिन प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। संतोष साहू ने बताया कि विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण एवं नियमित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा.

# शिक्षा ऐसी हो जो रोजगार मुखी हो : रोटरी क्लब

**छिंदवाड़ा.**सेवा के लिए संकल्पित संस्था रोटरी क्लब छिंदवाड़ा द्वारा इस वर्ष उड़ान थीम पर वर्ष भर सेवा भावी कार्य रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी के नेतृत्व के संपन्न हुए इसी श्रृंखला में रोटरी क्लब छिंदवाड़ा द्वारा स्वास्थ एवं स्वच्छता ,रोज़गार मुखी शिक्षा पर इस माह अनेकों प्रोजेक्ट किए गए। यूथ मोटिवेशनल प्रोगाम प्रोजेक्ट के अंतर्गत रोटरी क्लब छिंदवाड़ा द्वारा शुक्रवार 26 जून 2026 को बाबा रामदेव नगर स्थित रोटरी भवन में संचालित वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के युवाओं को मोटिवेशनल स्पीकर एड.मुकेश दीक्षित द्वारा रोजगार मुखी शिक्षा पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही टेली का कोर्स करने के बाद कैसे शतप्रतिशत रोजगार प्राप्त हो सकते है इसके टिप्स प्रदान किए गए।इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी पूर्व अध्यक्ष रोटे संदीप सिंह चंदेल, रोटे मनोज अग्रवाल,कोषाध्यक्ष रोटे रूपल अग्रवाल, पी आर ओ रोटे अमित मक्कड़ मोटिवेशनल स्पीकर एड मुकेश दीक्षित,अंबुजा फाउंडेशन के शैलेन्द्र वर्मा, श्रीमती रूपाली राजपूत,श्रीमति श्वेता ठाकुर सहित समस्त ट्रेनीज उपस्थित थे।

# मैनाबाई राऊत का निधन



**तिगांव,26जून.** ग्राम तिगांव निवासी रामदास,हरिदास एवं पंढरी राऊत की मां तथा शिवदास,गुरूदास,सोनू राऊत तिगांव भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष की दादी गं.भा.मैनाबाई महादेव राउत का बीते दिवस 101 की उम्र में निधन हो गया,जिनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार दोपहर 12 बजे उनके निज निवास से मोक्षधाम गई जहां इनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया,इस अवसर पर परिजनों,रिश्तेदार एवं ग्रामीणों ने मृत आत्मा की शांति हेतू दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी ।

**कार्रवाई** खनिज विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

# रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त




**नवभारत न्यूज**
**सौसर 26 जून - सोबना नदी से अवैध रेत उत्खनन का सिलसिला निरंतर जारी है। शुक्रवार को जिले के खनिज विभाग की टीम व्दारा विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।**

इस दौरान अवैध रेत माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

**नदी से अवैध उत्खनन करते रंगे हाथों पकड़ा-**

मिली जानकारी के अनुसार, निरीक्षण दल जब ग्राम बिछुआ बग्गु और उटेकाटा के पास शोभना नदी क्षेत्र में पहुंचा, तो वहां बड़े पैमाने पर रेत का अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा था। दल ने मौके पर कार्रवाई करते हुए खनिज रेत से लदे दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रंगे हाथों पकड़ा।जब्त किए गए वाहनों के नंबर इस प्रकार है, M.P. 28 ¢ 8158 तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक MP 28 Ð 2567 है। सहायक खनिज अधिकारी महेश कुमार नागपुरे के अनुसार खनि. नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत दोनों वाहनों को रेत सहित शासकीय रूप से जब्त कर लिया गया है।

### थाने में खड़े कराए वाहन, कलेक्टर कोर्ट में होगी सुनवाई

जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को खनिज सामग्री सहित पुलिस थाना सौंसर परिसर में शासकीय अभिरक्षा में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। नियमों के उल्लंघन और अवैध परिवहन को लेकर वाहन स्वामियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। अब इन पर भारी जुर्माना राशि अधिरोपित करने और आगामी कानूनी निर्णय के लिए मामले को कलेक्टर न्यायालय पांढुर्णा के समक्ष प्रेषित करने की कार्रवाई की जा रही है.